बाज रहे है ढोल मात तेरे मंदिर में

बाज रहे है ढोल मात तेरे मंदिर में
भज रहे है ढोल बोल रे मीठे बोल,
बाज रहे है ढोल मात तेरे मंदिर में

नौबत भाजे माई द्वारे बोले रे कोयलियाँ
छम छम करती आई भवानी नाचे है लांगुरियां,
बोले पपीहा मोर मात तेरे मंदिर में,
बाज रहे है ढोल मात तेरे मंदिर में

मंदिर ऊपर ध्वजा लहरें साजे रे नगरियां
चाँद जैसी मूरत माँ की बैठी रे दुवारियाँ,
भगति ने बाँधा डोर ,
बाज रहे है ढोल मात तेरे मंदिर में

नो दिन माँ के जगराते में गाये रे भजनवा,
सच्चा है दरबार तुम्हरा आये है मंदिरवा,
गूंजे जैकारे बोर मात तेरे मंदिर में,
बाज रहे है ढोल मात तेरे मंदिर में

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/15323/title/baaj-rahe-hai-dhol-maat-tere-mandir-me

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |